(92)

# दिनॉक 21.02.2023 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– श्री हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5– श्री अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर।
6– श्री विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।

जनपद में जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु नामित मे0 एन0सी0सी0 लि0 के 74 नग एवं मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 के 52 नग (कुल 126 नग) डी0पी0आर0 परीक्षण हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) द्वारा प्रदान की जा चुकी है। सभी 126 नग डी0पी0आर0 का परीक्षण किया गया। प्रस्तुत 126 नग डी0पी0आर0 में 42 नग डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये एवं 84 नग डी0पी0आर0 (37 नग डी0पी0आर0 मे0 एन0सी0सी0 लि0 व 47 नग डी0पी0आर0 मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0) में प्रति व्यक्ति लागत/प्रति FHTC लागत अधिक होने के करण डी0पी0आर0 Non Compliant पाये गये। 84 नग डी0पी0आर0 में ग्राम पंचायतों की आबादी कम होने, मजरे दूर–दूर बसे होने एवं वितरण प्रणाली की लम्बाई में वृद्धि होने के कारण प्रति व्यक्ति लागत एवं प्रति FHTC लागत अनुमन्य लागत से अधिक आयी है, जिसे आबादी कम होने व भौगोलिक स्थिति के कारण कम कर पाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः परीक्षणोपरान्त समिति द्वारा 119 नग डी0पी0आर0 अनुमानित लागत रू0 5.00 करोड़ से कम होने के कारण अनुमोदित करते हुये एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया एवं 07 नग डी0पी0आर0 अनुमानित लागत रू0 5.00 करोड़ से अधिक होने के कारण सरकारी इंजीनियरिंग कालेज से बेट कराने एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर (सदस्य सचिव) | अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर सीतापुर, (सदस्य) | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर (सदस्य) | जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर (सदस्य) |
| जिला विकास अधिकारी, सीतापुर (सदस्य) | मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर (सदस्य) | | जिलाधिकारी, (अध्यक्ष) |

पृ0 संख्या: 414 / M-45 /07 दिनॉक 01/03/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4– मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
5– मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0, सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner